Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

## अभ्यास पत्र - 4

**विषय - हिंदी** **कक्षा - छह** **अक्तूबर - 2025**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

परिश्रम जीवन की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। जो व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता वही जीवन में ऊँचाइयों को छूता है। बिना परिश्रम के कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। इतिहास में जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, वे सब अपनी मेहनत और लगन के बल पर ही आगे बढ़े। एक किसान दिन-रात मेहनत करता है तब जाकर हमें अन्न मिलता है। छात्र यदि मन लगाकर पढ़ाई करें तो परीक्षा में अवश्य अच्छे अंक प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार एक खिलाड़ी निरंतर अभ्यास करता है तभी वह विजय प्राप्त करता है। जो व्यक्ति कठिनाइयों से घबराता नहीं बल्कि उनका सामना धैर्यपूर्वक करता है, वही सच्चा परिश्रमी कहलाता है। हमें याद रखना चाहिए कि भाग्य उन्हीं का साथ देता है जो कर्म करते हैं। आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में परिश्रमी बनने का संकल्प लेना चाहिए।

**क) परिश्रम को किस चीज़ की कुंजी कहा गया है?**

i. सफलता की ii. असफलता की
iii. धन प्राप्ति की iv. आराम की

**ख) किसान के परिश्रम का फल हमें किस रूप में मिलता है?**

i. वस्त्र ii. अन्न iii. धन iv. मकान

ग) सच्चा परिश्रमी व्यक्ति कौन होता है?

i. जो कठिनाइयों से घबराता है।

ii. जो दूसरों पर निर्भर रहता है।

iii. जो कठिनाइयों का धैर्यपूर्वक सामना करता है।

iv. जो केवल भाग्य पर भरोसा करता है।

घ) आलस्य को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु क्यों कहा गया है?

ङ) इस गद्यांश से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

**व्याकरण**

**प्रश्न 2 क) नीचे दिए गए वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया का भेद बताइए।**

i) राम रोज़ दौड़ता है।

ii) मोहन ने किताब पढ़ी।

iii) बच्चे पार्क में खेल रहे हैं।

iv) उन्होंने चित्र बनाया।

**ख) नीचे दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाइए।**

i) क्या तुम मेरे साथ खेलोगे

ii) यह मेरी किताब है

iii) ध्यान से सुनो

iv) माँ ने कहा जल्दी घर आना

## पाठ्यपुस्तक

**प्रश्न 3 पाठ-8 सत्रिया और बिहू नृत्य (निबंध)**

क) एंजेला के दोस्त क्या खेल खेलते थे ?

ख) जया मेहता ने कौन-सी पुस्तक लिखी है?

ग) एंजेला की माँ को किस कार्य के लिए वित्तीय मदद प्राप्त हुई ?

**पाठ-9 मैया मैं नहीं माखन खायो (पद)**

क) श्रीकृष्ण माता यशोदा को अपनी सफ़ाई किस प्रकार देते हैं?

ख) माखन न खाने की बात कौन किससे कहते हैं?

ग) श्रीकृष्ण स्वयं को कैसा बालक बताते हैं ?

## रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 4**

**क) आपके शहर के पास बने सार्वजनिक पुस्तकालय में किताबों की कमी और व्यवस्था में गड़बड़ी है। आप इसे सुधारने के लिए पुस्तकालय अधिकारी को पत्र लिखिए।**

**ख) 'मैया मैं नहीं माखन खायो' भजन के आधार पर कृष्ण और यशोदा के संवाद को लिखिए।**